कार्यालय, नगर पालिक निगम भिलाई

क/एफ–166/निज सहा./2019/1373 भिलाई, दिनांक 10/10/2019

//आदेश//

नगर पालिक निगम भिलाई में विभिन्न मदों से विकास कार्य संपादित कराये जा रहे हैं। निर्माण कार्य में पारदर्शिता लाने के दृष्टिकोण से निम्नानुसार कार्य किया जाना आवश्यक है :–

(अ) प्राक्कलन प्रस्तुत करते समय प्रस्तावित स्थल का फोटोग्राफ्स ।

(ब) निर्माण कार्य के अलग – अलग चरणों का फोटोग्राफ्स।

(स) निर्माण कार्य पूर्ण होने के पश्चात का फोटोग्राफ्स।

समस्त फोटोग्राफ्स् पर कार्यपालन अभियंता के हस्ताक्षर होना चाहिये।

निर्माण कार्य की मॉनीटरिंग एवं गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु प्रभारी उप अभियंता, सहायक अभियंता, कार्यपालन अभियंता एवं अधीक्षण अभियंता का प्रमाणीकरण भी माप पुस्तिका में अनिवार्य रूप से संलग्न किया जावे।

भविष्य में उपरोक्तानुसार नस्तियां प्रस्तुत की जावें एवं निर्देशों का कड़ाई से परिपालन सुनिश्चित किया जावे।

उक्त आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।

(ऋतुराज रघुवंशी)
आई.ए.एस.
आयुक्त
नगर पालिक निगम
भिलाई

क/एफ–166/निज सहा./2019/1374 भिलाई, दिनांक 10/10/2019

प्रतिलिपिः–

1. महापौर/सभापति महो., नगर पालिक निगम भिलाई को सादर सूचनार्थ।
2. अधीक्षण अभियंता, परियोजना/जलकार्य, नगर पालिक निगम भिलाई को सूचनार्थ।
3. उपायुक्त I/II, नगर पालिक निगम,भिलाई को सूचनार्थ।
4. जोन आयुक्त/कार्यपालन अभियंता, जोन –1,2,3,4,5,6, जलकार्य/स्वास्थ्य/कम्प्युटर/ विद्युत/ भवन संधारण, नगर पालिक निगम भिलाई को सूचनार्थ।
6. संबंधित विभाग प्रमुख.. नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ एवं पालनार्थ।
7. अधीक्षक स्थापना, नगर पालिक निगम भिलाई को सूचनार्थ।
8. प्रोग्रामर, डाटा सेंटर, नगर पालिक निगम भिलाई को निगम के वेबसाईट (आदेश फाईल) में अपलोड किये जाने हेतु सूचनार्थ।

आयुक्त
नगर पालिक निगम
भिलाई